दिन– बुधवार दिनांक– 24 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारण:– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए चुनाव–प्रचार का आज अंतिम दिन। छब्बीस अप्रैल को होगा पचास उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला।

02. भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा आज भागलपुर, खगड़िया और झंझारपुर में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने कहा – भ्रामक विज्ञापनों को लेकर वह गंभीर। एलोपैथिक डॉक्टरों की शिकायतों के संबंध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन को दी चेतावनी।

04. और, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में भीषण गर्मी से जन–जीवन प्रभावित। पटना, नवादा, बक्सर, भागलपुर, सहरसा और सीवान समेत आस–पास के कई जिलों में गर्म दिवस और लू की चेतावनी।

अब समाचार विस्तार से........

---

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए चुनाव–प्रचार का आज अंतिम दिन है। शाम पांच बजे चुनाव– प्रचार का शोर थम जाएगा। इस चरण के तहत छब्बीस अप्रैल को राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका में मतदान होगा। इन सीटों पर कुल पचास उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। किशनगंज और भागलपुर से बारह–बारह उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, बांका से दस, किशनगंज से नौ और पूर्णियां से सात उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला होना है। इस चरण में किशनगंज और पूर्णियां सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं। किशनगंज में कांग्रेस के मोहम्मद जावेद, जदयू के मुजाहिद आलम और एआईएमआईएम के अख्तरूल ईमान के बीच टक्कर है। वहीं, पूर्णियां सीट से जदयू के संतोष कुशवाहा, राजद की बीमा भारती और निर्दलीय पप्पू यादव मुकाबले में हैं। कटिहार में जदयू से निवर्तमान सांसद दुलाल चंद गोस्वामी और कांग्रेस के तारिक अनवर के बीच सीधी टक्कर मानी जा रही है। दूसरी तरफ, भागलपुर में जदयू के निवर्तमान सांसद अजय मंडल और कांग्रेस के अजीत शर्मा मुकाबले में हैं। बांका में जदयू के गीरधारी यादव का मुकाबला राजद के जयप्रकाश यादव से है।

---

भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा आज भागलपुर, खगड़िया और झंझारपुर में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। श्री नड्डा के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद रहेंगे। इधर, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार छब्बीस अप्रैल से तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे।

---

जहानाबाद के पूर्व सांसद अरूण कुमार बहुजन समाज पार्टी में शामिल हो गये हैं। उनके साथ पूर्व विधान पार्षद अजय कुमार अलमस्त ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पटना में आयोजित मिलन समारोह में बसपा के प्रदेश प्रभारी रामजी गौतम और लालजी मेधंकर ने दोनों नेताओं को सदस्यता दिलाई। पार्टी अरूण कुमार को जहानाबाद से अपना उम्मीदवार बना सकती है।

---

कांग्रेस नेता प्रवेश कुमार मिश्र ने वाल्मीकिनगर संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि राजद को यह सीट दिये जाने से वे उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान को देखते हुए किशनगंज से सटी भारत–नेपाल की सीमा को सील कर दिया गया है। शुक्रवार शाम सात बजे तक दोनों देशों की सीमाएं सील रहेंगी।

---

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात झंझारपुर लोकसभा सीट की। झंझारपुर बिहार के उन पांच संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों में से एक है, जहां तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

बिहार में मिथिलांचल की तीन लोकसभा सीटों– मधुबनी, झंझारपुर और दरभंगा में झंझारपुर का सियासी इतिहास काफी रोचक रहा है। कोसी और कमला बलान नदी की गोद में बसा झंझारपुर संसदीय क्षेत्र मधुबनी जिले का हिस्सा है। दरअसल मधुबनी जिले में दो लोकसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से एक मधुबनी है और दूसरा है– झंझारपुर। इस इलाके से डॉ. जगन्नाथ मिश्र सांसद और मुख्यमंत्री बने। झंझारपुर के निवर्तमान सांसद जदयू के रामप्रीत मंडल है। वर्ष दो हजार उन्नीस में हुए लोकसभा चुनाव में श्री मंडल ने राजद के गुलाब यादव को पराजित किया था। इस बार झंझारपुर संसदीय क्षेत्र का राजनीतिक परिदृश्य बिल्कुल बदला हुआ है। जदयू ने अपने निवर्तमान सांसद रामप्रीत मंडल को एक बार फिर उम्मीदवार बनाया है। वहीं, आरजेडी ने घटक दलों के साथ सीट बंटवारे में यह सीट विकासशील

इंसान पार्टी, वीआईपी को दी है। भाजपा के बागी सुमन महासेठ वीआईपी के टिकट पर चुनावी मैदान में हैं। वहीं, टिकट नहीं मिलने से नाराज राजद के गुलाब यादव बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से पांच विधानसभा क्षेत्रों पर एनडीए का कब्जा है, जबकि एक सीट पर राजद के विधायक हैं। खजौली, झंझारपुर और राजनगर पर भाजपा, जबकि बाबूबरही और फुलपरास विधानसभा क्षेत्र पर जदयू का कब्जा है। वहीं, लौकहा विधानसभा क्षेत्र पर राजद के विधायक हैं। बेरोजगारी, पिछड़ापन और पलायन इस इलाके के मुख्य मुद्दे हैं। एनडीए के नेता जहां विकास के मुद्दे को लेकर जदयू उम्मीदवार रामप्रीत मंडल के समर्थन में वोट मांग रहे हैं, वहीं इंडी गठबंधन के नेता स्थानीय मुद्दों के साथ–साथ युवाओं से सरकारी नौकरी का वादा कर वीआईपी उम्मीदवार सुमन महासेठ के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए झंझारपुर से आकिल हुसैन।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने जानी–मानी गायिका परंपरा ठाकुर को अपना ब्रांड एम्बेसेडर बनाया है। परंपरा पूर्णियां जिले के धमदाहा की रहने वाली हैं। उन्होंने कई हिन्दी फिल्मों के लिए पार्श्व गायन किया है।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में भीषण गर्मी से जन–जीवन प्रभावित है। अधिकांश स्थानों का तापमान एक बार फिर चालीस डिग्री सेल्सियस के पार कर गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान शेखपुरा प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, मौसम विभाग ने आज राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और दक्षिण भाग के जिलों में गर्म दिवस की चेतावनी जारी की है। वहीं, बांका, नवादा, शेखपुरा, कैमूर, बक्सर, भागलपुर, सहरसा और सीवान में लू की आशंका व्यक्त की गई है। साथ ही पूर्वी चंपारण, मधुबनी, भोजपुर और पटना जिले में भी लू चलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि इस दौरान तेज हवा भी चल सकती है।

———बाईट———

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि भ्रामक विज्ञापनों को लेकर वह गंभीर है। न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापनों के प्रकाशन को लेकर पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ लंबित अवमानना मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि वह मात्र पतंजलि आयुर्वेद के लिए ही नहीं, बल्कि जनहित में उन सभी उपभोक्ता कंपनियों के प्रति भी चिंतित है जो भ्रामक विज्ञापनों का सहारा लेती हैं।

न्यायालय ने एलोपैथिक डॉक्टरों की शिकायतों के संबंध में याचिकाकर्ता–इंडियन मेडिकल एसोसिएशन को भी चेतावनी दी।

———————————————————————

हवाई जहाज में अब बारह साल तक के बच्चों की सीट अनिवार्य रूप से माता–पिता या अभिभावक के साथ होगी। नागर विमानन महानिदेशालय ने इस संबंध में सभी विमानन कंपनियों को निर्देश जारी किया है। निर्देश में कहा गया है कि सभी कंपनियां यह सुनिश्चित करे कि बारह वर्ष तक के बच्चों को एक पीएनआर पर यात्रा कर रहे उनके माता–पिता या अभिभावकों में से किसी एक के साथ सीट आवंटित की जाए।

———————————————————————

आज राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पुण्यतिथि है। बेगूसराय के सिमरिया गांव में जन्मे दिनकर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उनकी रचनाएं समाज की हर पीढ़ी को आज भी प्रेरित करती हैं। प्रसार भारती के झरोखे से प्रस्तुत है दिनकर के स्वर में उनका रचना पाठ, जो सुनने मात्र से रोमांच से भर देता है।

———बाईट———

इधर, राष्ट्रकवि दिनकर की जन्मभूमि बेगूसराय के सिमरिया समेत अनेक स्थानों पर उनकी याद में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————————

बहुचर्चित बरमेश्वर मुखिया हत्याकांड मामले में आरा की एमपीएमएलए अदालत ने सीबीआई की ओर से दायर आरोप पत्र को खारिज कर दिया है। हत्याकांड के एक आरोपी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने सीबीआई के आरोप पत्र को खारिज किया। अदालत ने कहा कि मामले की सुनवाई शुरू होने के बाद बिना अदालत के आदेश के सीबीआई की ओर से अनुसंधान किया जाना गलत है।

———————————————————————

औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सहार जलवन गांव के पास देर शाम तेज आंधी से पीपल का एक पेड़ ई–रिक्शा पर गिर गया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी।

———————————————————————————

गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरा आजम गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से कार सवार तीन लोगों की मौत हो गयी।

———————————————————————————

वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नवानगर सोनरपट्टी स्थित एक घर में रसोई गैस का सिलेंडर फट जाने से आठ लोग झुलस गये। इनमें से कई की स्थिति गंभीर बताई जाती है।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के टेटिया बंबर प्रखंड के बनहरा गांव के औरैया बहियार में आग लग जाने से पंद्रह बीघा खेत में लगी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गयी।

———————————————————————————

बेगूसराय जिले के बछवाड़ा थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक पिकअप वैन से अट्ठासी कार्टन शराब जब्त की है।

———————————————————————————

पटना की एक विशेष अदालत ने गांजा तस्करी के मामले में दो दोषियों को बारह–बारह वर्ष कारावास और दो–दो लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। दोनों दोषी त्रिपुरा के रहने वाले हैं।

———————————————————————————

बिहार एसटीएफ और बेगूसराय पुलिस की टीम ने एक लाख रूपये के ईनामी अपराधी सुशील कुमार को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी पर बेगूसराय जिले के अलग–अलग थानों में कई मामले दर्ज हैं।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– सीमांचल–पूर्वांचल में आर–पार की लड़ाई। एनडीए और इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेताओं ने लोकसभा की पांच सीटों पर मोर्चा संभाला।

**प्रभात खबर** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जनता के नाम खुले पत्र को प्रमुखता देते हुए लिखा है – पूरा बिहार हमारा परिवार, आगे भी लाखों को नौकरी देते रहेंगे।

**दैनिक जागरण** ने सुप्रीम कोर्ट की आईएमए पर की गयी टिप्पणी को सुर्खी बनया है– अखबार लिखता है महंगी और गैर जरूरी दवाएं लिखते हैं डॉक्टर। एक अन्य खबर में अखबार लिखता है– विश्वविद्यालयों ने शिक्षा विभाग के खिलाफ खोला मोर्चा। हाई कोर्ट में रिट याचिका दाखिल।

**दैनिक भास्कर** की प्रमुख खबर है– बाईस जिलों का पारा चालीस डिग्री के पार। अड़तालीस घंटों में चार डिग्री और बढ़ेगा।

**राष्ट्रीय सहारा** ने लिखा है– कांग्रेस ने पटना साहिब से अंशुल अविजीत को दिया टिकट।

**आज** अखबार लिखता है– भारत के चार मसालों में कैंसर पैदा करने वाला केमिकल। विदेश में लगा बैन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर..........

01. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए चुनाव–प्रचार का आज अंतिम दिन। छब्बीस अप्रैल को होगा पचास उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला।

02. भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा आज भागलपुर, खगड़िया और झंझारपुर में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने कहा – भ्रामक विज्ञापनों को लेकर वह गंभीर। एलोपैथिक डॉक्टरों की शिकायतों के संबंध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन को दी चेतावनी।

04. और, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में भीषण गर्मी से जन–जीवन प्रभावित। पटना, नवादा, बक्सर, भागलपुर, सहरसा और सीवान समेत आस–पास के कई जिलों में गर्म दिवस और लू की चेतावनी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।